हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 ग्राम कोटनी में लगाए गए पौधे, सुरक्षा का लिया गया



12 सेटअप 1700 चिकित्सा विशेषज्ञों का, काम कर ...





## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री विजय आज बालोद जिले के प्रवास पर



**बालोद/डौंडीलोहारा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 15 जुलाई को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। विजय शर्मा 15 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला भाजपा कार्यालय बालोद पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। सुबह 11:30 बजे कलेक्टोरेट बालोद में प्रभार जिले की समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे पाटेश्वर धाम आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कोटगांव में मिली अधजली लाश



**बालोद।** जिले के डौंडी विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कोटागांव के अंतर्गत महामाया माइंस जाने वाले मार्ग पर स्थित किल्लेवाली माता के पहाड़ी पर स्थित मंदिर के पीछे एक अज्ञात युवक की जली हुई अवस्था में लाश मिली है। महामाया थाना से मिली जानकारी के अनुसार जिस युवक की जली हुई लाश मिली है उसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है। उक्त युवक बुरी तरह से जली अवस्था में पड़ा हुआ मिला। रविवार की देर शाम तक युवक का नाम और वह कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाई थी। पुलिस ने घटना स्थल पर एक पानी की बोतल जिसमें से ज्वलनशील पदार्थ की बू आ रही थी और माचिस को तीली भी बरामद की है। पुलिस आशंका जता रही है कि युवक ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाकर आत्महत्या की होगी। आखिर युवक कहां का था और यह आत्महत्या है या हत्या यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### ग्राम चिंगरी में माता शीतला शांति जुड़वास कार्यक्रम आज


**अंडा।** ग्राम चिंगरी (अंडा) 15 जुलाई को माता शीतला शांति जुड़वास का कार्यक्रम रखा गया है।शीतला मंदिर के पुजारी सालिक राम निर्मलकर तथा ग्रामीण चेतन यादव, महेंद्र पटेल, मनिकांत पटेल एवं राजेश्वर देशमुख ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। शाम 4 बजे माता शीतला की विशेष पूजा की जाएगी। शाम 5 बजे प्रसाद वितरण वितरण के बाद 5:30 बजे से संगीतमय माता भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर नव ज्योति बघधर्रा जस परिवार चिंगरी, श्री गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली चिंगरी, आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति चिंगरी, शीतला समिति चिंगरी, दुर्गोत्सव समिति चिंगरी, सभी लक्ष्मी उत्सव समिति चिंगरी सहित सभी गणेशोत्सव समिति के सदस्य एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

# टोलप्लाजा निर्माण के लिए अपनी कृषि भूमि नहीं देने पर अड़े जमही के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य के तहत ग्राम जमही के किसान निर्माणाधीन टोलप्लाजा में अपनी कृषि भूमि नहीं देने पर अड़े हुए हैं। इससे पहले इन किसानों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर अपनी जमीन नहीं देने की बात कही थी। इसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी द्वारा अनाधिकृत हमारी कृषि भूमि पर अतिक्रमण करने पर परिवार सहित अपनी कृषि भूमि पर बैठकर प्रदर्शन करने तथा मुख्यमंत्री जनदर्शन में शिकायत करने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार

### कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देने से नहीं बनी बात, अब मुख्यमंत्री से भेंट की तैयारी




#### बेनतीजा रही अधिकारियों व किसानों की चर्चा

आदिवासी कृषकों के आवेदन के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत पंचनामा के अनुसार ग्राम पंचायत भवन अड़जाल में मौके पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार ने आवेदक किसानों से चर्चा की। इस पर किसानों ने भूमि, नौकरी एवं मुआवजा की बात रखी। किंतु, वे वर्तमान बाजार मूल्य गाइड लाइन के हिसाब से कृषक अपनी भूमि नहीं देना चाहते। उन्होंने वास्तविक बाजार मूल्य के हिसाब से कृषक की भूमि का मुआवजा देने की बात कही। किसानों ने कहा कि अब फिर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के टोलप्लाजा निर्माण के लिए जमीन देने का दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन हम कृषक अपनी जमीन नहीं देंगे।

ग्राम बोरिद निवासी आदिवासी कृषकों ने 7 फरवरी 2023 को कलेक्टर बालोद के जनदर्शन में आवेदन देकर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के पैकेज 1 किमी 30.600 से 67.880 तक सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत तहसील डोंडी के ग्राम जमही में टोल प्लाजा के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में हम कृषकों की पैतृक निजी भूमि प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रभावित भूमि के अलावा हमारे पास कोई अन्य कृषि भूमि नहीं है। उक्त भूमि पर टोलप्लाजा बनाने से हमारी आजीविका का साधन छिन जाएगा। इसलिए हम अपनी कृषि भूमि टोलप्लाजा निर्माण के लिए नहीं देना चाह रहे हैं। आदिवासी कृषक नंदू राम, भागीराम, भंवरसिंह, रामसिंग,मोहनलाल, काशीराम सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन दिया था।

### परेशानी : 10 फीट ऊंचाई पर बसे होने के बाद भी नाले में नहीं जा रहा पानी

# निर्माण में लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण, गलियों में घुटनों तक भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत पेंवरो की हठधर्मिता व अदूरदर्शिता पूर्ण किए कार्य का खामियाजा ग्राम की जनता भुगत रही है। ग्राम के वार्ड क्रमांक 8 व 9 में मुख्य गली में घुटनों तक पानी भर गया है। निकासी नहीं होने से यह स्थिति निर्मित हुई है। वहीं, रुके हुए पानी से बदबू आने लगी है, जिससे महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

ग्राम पेंवरो चोरहा नाला के किनारे बसा है, ग्राम नाला से 10 फीट से अधिक की ऊंचाई पर है, उसके बाद भी ग्राम पंचायत में दूरदर्शिता के अभाव तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में नहीं रखकर कराए गए कार्य से ग्राम का पानी गलियों में जाम हो रहा है।

ग्राम की गलियों में वर्षों पूर्व कराए गए सीमेंटीकरण कार्य के दौरान पंचायत ने पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की एवं ढाल का ध्यान नहीं रखा। सीमेंटीकरण के दौरान बस्ती की ओर ऊंचाई कम कर दी व नाला की तरफ ऊंचाई अधिक कर दी। इससे गलियों का पानी चोरहा नाला में न जाकर गलियों में रूक गया है। ग्राम के कुछ किसानों ने ग्राम की समस्या को देखते हुए अपने घर के सामने जगह छोड़कर पानी निकासी की व्यवस्था दी। लेकिन, लगातार पानी के बहाव के कारण मिट्टी कटाव होने से मकानों के कमजोर होने का खतरा पैदा हो गया। प्रभावित किसान ने पंचायत से पानी निकासी की व्यवस्था करने कहा, लेकिन पंचायत ने ध्यान नहीं दिया।

अपने मकान को कमजोर होता देख किसानों ने अपने घरों की नींव के पास अपनी जमीन पर मुरूम डाल दी। इससे गलियों के पानी की निकासी पूरी तरह रूक गई। इसके कारण गलियों में घुटनों तक पानी भर गया। वर्तमान में हल्की बारिश हो रही है, लेकिन तेज बारिश होने पर ग्राम के 20 से अधिक घरों में इस पानी के घुसने का खतरा बढ़ गया है।

#### ग्रामीणों ने लगाया आरोप, निर्माण के समय ढाल का नहीं रखा गया ध्यान



#### बीते 3 साल से है झगड़ा

ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत सरपंच के मध्य बीते तीन सालों से विवाद चल रहा है। सरपंच पर आरोप है कि वह ग्राम की समस्याओं पर ध्यान नहीं देती, ग्राम में कार्य रूक गए हैं। इस समस्या पर भी पंचायत ग्रामीणों को स्वयं से दूर करने कहती हैं। पंचों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जो कानूनी दांव पेंच में उलझ गया। वर्तमान समस्या इसी विवाद की परिणाम मानी जा रही है। पंचायत ध्यान नहीं दे रही। ग्रामीणो का आपसी सांमजस्य बिगड़ा हुआ है नतीजा सभी भुगत रहे हैं।

#### पानी से आने लगी बदबू

इधर कम बारिश होने से गलियों में जमा पानी से गली दलदल युक्त हो गई है। पानी से बदबू आने लगी है, पानी में कीड़े लगने लगे हैं। पानी के कीड़े ग्रामीणों के घरों में घुस रहे हैं, मच्छर का प्रकोप बढ़ने लगा है, पर पंचायत है कि ग्रामीणों की सुन नहीं रही है।

#### राशि आने पर बनेगी नाली

ग्रामीण कार्य करने नहीं देते। पानी निकासी के लिए नाली निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। राशि आने पर नाली का निर्माण कराया जाएगा।

**माधुरी ज्योत,** सरपंच

#### ध्यान नहीं देती पंचायत

पंचायत में कई बार पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन पंचायत ध्यान नहीं देती।

- **बाहरू राम साहू,** अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति

# भाजपा नेताओं ने गुरूर टीआई के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

▪ निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर में तोड़फोड़ के दौरान अव्यवस्था का लगाया आरोप

शुक्रवार को नगर मे निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर को तोड़ने के मामले में नगर पंचायत प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन के खिलाफ तो भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है एवं गुरूर थाना निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई कर हटाने की मांग की जाने लगी है।

परिसर में तोड़ फोड़ के दौरान आक्रोशित भीड़ ने भाजपा पार्षदों के घरों व भाजपा कार्यालय में धावा बोला था। भाजपा पार्षद कुंती सिन्हा को तो घर से खींचते हुए निकालकर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर धक्का देकर मारपीट करने का वीडियो वायरल है।

पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि तोड़ फोड़ की कार्रवाई के दौरान लगातार माहौल गर्म था। पीड़ित परिवार के सदस्य लगातार पार्षदों के घरों तक जा रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने मामले में पूरी तरह लापरवाही बरती एवं घटना को होते देखता रहा। महिला पार्षद के साथ बीच सड़क पर मारपीट हो रही थी, उस दौरान कुछ पुलिसकर्मी कुंती सिन्हा के घर के बाहर ही खड़े थे। आक्रोशित महिलाएं कुंती सिन्हा के घर जा रही थीं। यदि पुलिस ने उन्हें समय पर रोक लिया होता, तो यह घटना नहीं होती। भाजपा नेताओं का यह भी आरोप है कि मामले में जब भाजपा पार्षद व भाजपा महिला मोर्चा के सदस्य गुरूर थाना शिकायत करने गए, तो गुरूर टीआई ने सद्व्यवहार नहीं किया, बल्कि लंबे समय तक बैठाए रखा। इससे भाजपा नेता आक्रोशित हैं एवं टीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

भाजपा स्वच्छता समिति जिला अध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा कि महिला पार्षद एवं महिलाओं के साथ टीआई का व्यवहार ठीक नहीं था, उन्हें हटाया जाना चाहिए।

भाजपा मण्डल महामंत्री मेहत्तर नेताम ने भी टीआई के व्यवहार को गलत बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है।

# बहुड़ा रथयात्रा आज, मौसी के घर से लौटेंगे भगवान जगन्नाथ



**दल्लीराजहरा।** भगवान जगन्नाथ सेवा समिति और उत्कल समाज दल्ली राजहरा द्वारा समस्त समाज, धार्मिक संगठनों, श्रम संगठनों और राजहरावासियों के सहयोग से विशाल रथयात्रा निकाली गई। रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर पहुंचे। सप्ताहभर मौसी गुंडिचा के घर रुकने के बाद वे 15 जुलाई को अपने घर लौटेंगे। आयोजकों के अनुसार दल्लीराजहरा में आज भगवान जगन्नाथ भाई, बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंडप से भगवान जगन्नाथ मंदिर के लिए प्रस्तावित स्थल जलाराम मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी। उत्कल समाज की ओर से स्थानीय भाषा में इसे बहुड़ा रथ यात्रा (भगवान की घर वापसी) कहा जाता है। यह रथ यात्रा अपनी भव्यता के साथ गुंडिचा प्रांगण से राम मंदिर होते हुए थाना चौक से श्रम वीर चौक बस स्टेशन चौक गुप्ता चौक से जैन भवन चौक होते हुए उत्कल समिति स्थित गर्भ गृह में भगवान की पुनः स्थापना होगी।

# घर में हो रही थी प्रार्थना सभा, नाम नोटकर लौट गई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

▪ ग्राम हीरापुर का मामला, विहिप ने बाहर से आए पास्टर से पूछताछ नहीं करने का लगाया आरोप



रविवार को बालोद शहर से महज 3 किलोमीटर दूर हीरापुर में एक घर में बाहर से पहुंचे लोगों द्वारा प्रार्थना सभा कराए जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार वहां लम्बे समय से एक घर में होने वाली प्रार्थना सभा को बंद कराने को लेकर कुछ गांव वालों व महिलाओं ने विश्व हिन्दू परिषद संगठन को इसकी सूचना दी। वहीं, बालोद पुलिस को भी इससे अवगत कराया गया। जानकारी मिलते ही बालोद पुलिस हीरापुर गांव के एक घर में पहुंची। इस दौरान पाया गया कि हीरापुर व निपानी के लगभग 10 लोग उस घर के अंदर मौजूद होकर प्रार्थना सभा कर रहे हैं। वहीं, दूसरे स्थान से आये पास्टर की मौजूदगी में यह कार्यक्रम चल रहा था। जहां बालोद टीआई रविशंकर पांडे के निर्देश पर पुलिस ने घर में मौजूद सभी लोगों के नाम नोट किये व समझाइश देकर चले गए।

विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पुलिस ने पास्टर का नाम नहीं लिखा। वहीं घर के अंदर मौजद पास्टर से पूछताछ भी नहीं की गई व अन्य मौजूद लोगों को आगे से इस प्रकार के कार्य न करने की बात कही गई है। वहीं, दूसरा मामला अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के माहुद का है। जहां इसी प्रकार से 2 लोगों द्वारा घर के अंदर कुछ लोगों की मौजूदगी में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर हिंदूवादी नेता जीतू गुप्ता व अन्य साथियों ने अर्जुन्दा थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। मौके पर थाना प्रभारी अर्जुन्दा माहुद पहुंचे व आयोजन में शामिल लोगों को सख्त लहजे में चेतावनी दी व आगे इस प्रकार के कार्य न करने को कहा। इस मामले में गांव के ही एक व्यक्ति की संलिप्तता सामने आ रही है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक को जानकारी भेजी है। वहीं, बालोद एसडीओपी देवांश राठौर से ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है। विहिप संगठन नेताओं ने कहा कि जब तक ऐसे लोगों पर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी, तब तक इन पर रोक नहीं लगेगी। इन घटनाओं से हिंदू धर्म संगठन व आमजन में नाराजगी व्याप्त है।

मातृशक्ति हीरापुर सोना साहू ने कहा कि गांव में लंबे समय से एक घर में बाहरी लोगों को बुलाकर गैरकानूनी कार्यों को बढ़ावा देने का काम चल रहा था। इसकी सूचना पर बालोद पुलिस गांव में पहुंची व नाम नोट कर ले गए हैं। गांव में इस प्रकार के कार्य होने से नाराजगी का वातावरण बन रहा है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल



**बालोद।** सड़क हादसे में 62 वर्षीय व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया है। घटना रविवार की शाम करीब 6 बजे ग्राम झलमला के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम अंगारी निवासी आत्माराम 62 वर्ष को तेज रफ्तार बाइक चालक ग्राम हल्दी निवासी दिनेश कुमार 19 वर्ष ने ठोकर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया जहां से 62 वर्षीय आत्माराम की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे राजनांदगांव रेफर किया गया।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

# पूजा-अर्चना के बाद लगाए गए 500 से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




एक पेड़ मां के नाम करते हुए जल प्रबंध उप संभाग क्रमांक 08 कार्यालय परिसर एवं कॉलोनी परिसर में 500 से अधिक पौधे लगाए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग रूद्री आशुतोष सास्वत ने पौधों की संरक्षण का संकल्प दिलाया।


पौधारोपण कार्यक्रम के पहले वैदिक विधि से भूमि का पूजन किया गया। वरूण देव का आव्हान किया गया एवं वैदिक पद्धति से पूजन के बाद पीपल के पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में डेम 2 रूद्री के कार्यपालन अभियंता भूपेन्द्र कुमार मगेन्द्र के साथ अनुविभागीय अधिकारी जल प्रबंध उपसंभाग क्रमांक 08 आरएन वारदे व सिंचाई विभाग के उप अभियंता व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया।

पौधारोपण के पूर्व विभाग ने पौधों की पूरी तरह सुरक्षित रखने एवं उसे दीमक से बचाने की व्यवस्था की थी। लगातार सिंचाई के लिए एक टंकी बनाकर पाईप से व्यवस्था की गई।

इसके लिए उपस्थित सदस्यों ने सभी पौधों को सुरक्षित रखने के लिए नियमित ध्यान देने की बात कही। मुख्य अतिथि ईई सिंचाई विभा आशुतोष सास्वत ने कहा कि हमें पौधे लगाने के बाद उसे लगातार सुरक्षित, संरक्षित करने के लिए कार्य करना है, हमें अपने दैनिक जीवन में भी अपने आस पास सुरक्षित स्थलों पर भी पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित करना होगा, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित स्वस्थ भविष्य मिल सकेगा।

#### मां की यादों को ताजा रखेंगे पेड़

एसडीओ आरएन वारदे ने कहा कि पौधा रोपण करने व उसे संरक्षित कर पेड़ बनाने का कार्य आगे भी चलता रहेगा। वारदे ने कहा कि यह कार्य सभी को मिलकर करना होगा, तभी इस महाअभियान को सफलता मिलेगी। सभी की जिम्मेदारी है कि वे जिस धरा में पल रहे हैं उस धरा को सुंदर, सुरक्षित, मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज अपनी मां के नाम से हमने पौधा लगाया है, यह पौधा जब पेड़ बनेगा तो मां की तरह हमारा भरण पोषण करेगा। यह पेड़ जीवनभर हमें अपनी मां की याद को ताजा रखेगा।

**खबर संक्षेप**

## डॉ. प्रमोद बने महानगर कबड्डी संघ के अध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुर महानगर कबड्डी संघ की वार्षिक आमसभा और आगामी चार साल के लिये निर्वाचन प्रक्रिया शनिवार को पंडरी के प्रगति मैदान में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने डॉ. प्रमोद कुमार साहू को निर्विरोध रूप से पुनः अपना अध्यक्ष चुना। सचिव के रूप में रिखीराम ठाकुर निर्वाचित हुए। विदित हो, डॉ. प्रमोद कुमार साहू छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के सहसचिव, प्रगति क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के सचिव एवं रायपुर नगर निगम में पार्षद के साथ ही जोन 3 के अध्यक्ष भी हैं। उनके निर्विरोध पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस पूरी प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामानन्द यदु, पर्यवेक्षक के रूप में जिला कबड्डी संघ के सचिव सेवाराम साहू की सहभागिता रही।

## बालिका गृह के नवनिर्मित भवन में पूजा-हवन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा बालगृह बालिका के लिए नवनिर्मित भवन में शनिवार को सत्यनारायण भगवान की कथा, पूजन-पाठ किया गया। साथ ही हवन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम, प्रीति निगम ने विधि-विधान से पूजा हवन किया। इस मौके पर श्री निगम ने बताया कि इस भवन के निर्माण के लिए सुनील सोनी ने सांसद निधि से 7 लाख रुपए, सत्यनारायण शर्मा ने विधायक निधि से 5 लाख रुपए का योगदान दिया है। अतिशीघ्र भवन का विधिवत उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, नगर पंचायत माना कैंप के अध्यक्ष संजय यादव के आतिथ्य और नागरिकों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. अशोक त्रिपाठी, चंद्रेश शाह, इंदिरा जैन, प्रकाश अग्रवाल, संजीव बसंत हुददार, धर्मेंद्र महोबिया, पूजा मिसालवर, श्वेता सिंह, संगीता जग्गी, जितेंद्र मिश्रा, प्रभा शेंद्रे के अतिरिक्त सभी कर्मचारी बालगृह और खुला आश्रय के बच्चे उपस्थित रहे।

## शुभा को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने शुभा मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय हिंदी में कुंवर



नारायण की काव्य संवेदना-आलोचनात्मक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य स्व. डॉ. रेणु सक्सेना एवं डॉ. रमेश अनुपम के मार्गदर्शन में किया। शासकीय दूधाधारी बजरंग कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उनका शोध केंद्र रहा।

# सेटअप 1700 चिकित्सा विशेषज्ञों का, काम कर रहे 500, बाकी की भर्ती का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 1235 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती की योजना अभी कार्यरूप में सामने नहीं आ पाई है। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों के 1734 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या 499 है। इसकी वजह से कई अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की घटनाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के तमाम मेडिकल कालेज सहित जिला अस्पतालों में चिकित्सा विशेषज्ञों की तैनाती की जानी है, ताकि वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दूसरे अस्पताल रेफर करने की स्थिति ना हो और मरीजों को अपने गृहग्राम के समीप ही उपचार की बेहतर सुविधा मिल सके।

### 1235 चिकित्सकों की भर्ती की योजना फिलहाल कागजों पर

#### आरक्षण के पेंच में भर्ती परीक्षा

सरकारी अस्पतालों में तृतीय और चतुर्थ कर्मचारियों की भी भारी कमी है। इनकी भर्ती व्यापमं द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से की जानी है। सूत्रों का कहना है कि इसमें आरक्षण का पेंच फंसा हुआ है। राज्य में 20 हजार 809 पद की तुलना में 13 हजार 433 कर्मचारी कार्यरत हैं और 7376 पद पर भर्ती का इंतजार है।




#### जिला अस्पताल में नियुक्ति की मांग

पीजी की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों द्वारा अनुबंध सेवा के दौरान जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में ड्यूटी लगाने की मांग काफी समय से पहले की जा रही है। उनका तर्क है कि स्वास्थ्य केंद्रों में सर्दी-खांसी, बुखार का इलाज चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जा सकता है। अस्पतालों में आने वाले मरीजों को चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है, इसलिए उनकी तैनाती स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं की जाए।

राज्य में उपचार व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बजट के दौरान मैनपॉवर की कमी को दूर करने की घोषणा की गई थी, जिसमें 1235 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती की जानी थी।

बजट को चार माह से अधिक का वक्त बीत चुका है, मगर इसमें अब तक किसी तरह काम नहीं हो पाया है। अभी ग्रामीण के साथ शहरी इलाकों में सर्जन, महिला एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है। इसके दांतों की बीमारी की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों को दंत रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति भी की जानी है। दंत रोग चिकित्सकों के सरकारी सिस्टम में अभाव की वजह से निजी अस्पतालों में मरीजों को महंगी फीस देकर इलाज कराना मजबूरी है।

### बरसते पानी में भीगते हुए जयस्तंभ चौक के पंडाल पर पहुंचे लोग

# शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शनिवार को दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक राजधानी के जयसम्तंभ चौक पर महापौर एजाज ढेबर एवं उनकी परिषद के सदस्य, कार्यकर्ताओं ने शारदा चौक से तात्यापारा तक चौड़ीकरण के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया। बारिश की परवाह किये बिना लोग इस जन आंदोलन में शामिल होने स्पॉट पर पहुंचे और सड़क चौड़ीकरण करने हस्ताक्षर किया। इसमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाओ ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

■ जनआंदोलन में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

दरअसल, शारदा चौक से तात्यापारा तक करीब 700 मीटर की सड़क चौड़ीकरण का पेंच डेढ़ दशक से फंसा हुआ है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पीडब्लूडी विभाग को एजेंसी बनाकर सड़क चौड़ीकरण और प्रभावित व्यापारियों को मुआवज़ा देने 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। इस बीच सरकार बदलने पर 137 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद भी सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हुआ। महापौर एजाज ढेबर ने जनहित के मुद्दे को अपनी परिषद के माध्यम से प्रमुखता से उठाया। श्री ढेबर का कहना है कि शहर के बाटल नेक की इस सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने से रोजाना हजारों लोग ट्रैफिक जाम में फंसने मजबूर हैं। यही नहीं, इस मार्ग के व्यापारियों का व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है। इस समस्या से निजात दिलाने शहरी सरकार चरणबद्ध आंदोलन कर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित कराने में लगी हुई है। अब तक महापौर एवं उनकी परिषद ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव, सचिव से लेकर रायपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क चौड़ीकरण का मामला सामने आया है।





#### राज्यपाल से मिलेंगे, मांगा है समय

महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेस पार्षद दल और कार्यकर्ताओं के साथ हाल ही में रायपुर नगर निगम से तात्यपारा तक लोगों के साथ पदयात्रा कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसी कड़ी में शनिवार को शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। श्री ढेबर ने बताया आने वाले दिनों में उनकी परिषद राज्यपाल से मुलाकात कर इस मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित करायेगी। इसके लिए राज्यपाल से मिलने के लिए आवेदन किया गया है। इसके बाद भी सड़क चौड़ीकरण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो चक्का जाम करने बाध्य होंगे। सड़क चौड़ीकरण के लिए चलाये गये हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, जितेन्द्र अग्रवाल, सुन्दर जोगी, अंजनी-राधेश्याम विभार, दोपती-हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष-निशा-देवेंद्र यादव, मनीराम साहू, राजा बंजारे सहित कार्यकर्ता मुख्य कर रूप से शामिल हुए।

# पीडब्ल्यूडी के दैवेभो श्रमिकों को ईपीएफ का लाभ नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोक निर्माण विभाग में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के ईपीएफ कटौती का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन नहीं होने से केवल ईपीएफ में हर वर्ष 12 करोड़ से अधिक, जो दैनिक श्रमिकों का 12 प्रतिशत अंशदान है, वह भी लोक निर्माण विभाग को स्वयं से जमा करना पड़ रहा है। उसमें लगने वाला ब्याज और दंड राशि की गणना करें तो यह घाटा बढ़कर कई करोड़ तक पहुंच जाता है। राजस्व क्षति को नियंत्रित करना विभाग के अधिकारियों एवं वित्त नियंत्रकों के हाथ में है। इतनी बड़ी अनदेखी लगातार इतने वर्षों से की जा रही है, यह संदेहास्पद है। लोक निर्माण विभाग के दैनिक श्रमिक कल्याण संघ के कर्मचारियों ने इस संबंध में राज्यपाल और लोक निर्माण मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्यवाही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। मामले में नियमानुसार एक आदेश जारी कर, कटौती जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग की गई है। विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता, वित्त नियंत्रक की लापरवाही से करोड़ों रुपए राजस्व हानि हो रही है। संघ ने कहा है कि मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

■ श्रमिक कल्याण संघ ने राज्यपाल और लोक निर्माण मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# यार्ड-कबाड़ दुकानों में छापा, बिना दस्तावेज के मिले कबाड़ व कंडम गाड़ियां, छह सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रशासनिक टीम ने शनिवार को राजधानी रायपुर के उरला और खमतराई सहित कई इलाके में संचालित कई यार्ड व कबाड़ दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान 6 यार्ड को सील किया गया।

कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम, नगर निगम और पुलिस विभाग के कर्मचारियों के साथ उरला और खमतराई क्षेत्र में संचालित यार्डों में छापामार कार्रवाई करने निकली थी। इस दौरान टीम ने करीब दर्जनभर यार्ड में छापेमारी की। एसडीएम नंदकुमार चौबे ने बताया कि उरला व खमतराई क्षेत्र में कबाड़ का कार्य करने वाले मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद बिलाल, सईद खान, नईम के यार्ड में जांच करते हुए गुमास्ता तथा कबाड़ से संबंधित दस्तावेज की जांच की। इस दौरान जिनके दस्तावेज नहीं मिले, उन पुराने वाहन के कबाड़ को जब्त किया गया। इसके साथ ही एक यार्ड को सीलबंद किया। इसके अलावा लाखेनगर चौक के पास दीपक कुकरेजा के शॉप को सील करने की कार्रवाई की गई। हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने कबाड़ शॉप को तोड़ा गया। साथ ही लाखे नगर चौक से सारथी चौक तक हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड बाउंड्री के पास सरकारी जमीन में अवैध रूप से रखे गए 6 ठेलों को जब्त किया गया। रिंग रोड रायपुर चौक के पास दुर्गा इंटरप्राइजेस, हीरापुर के गणपत चैक के पास सोनू साहू, महादेवघाट पुल के पास मोहम्मद मोहसिन व हीरापुर के अब्दुल मलिक पर भी कार्रवाई की गई है। राजकुमार कॉलेज के सामने भी एक कबाड़ी दुकान पर कार्रवाई कर सीलबंद किया गया।

■ प्रशासनिक टीम ने यार्ड व कबाड़ दुकानों में की छापेमारी





#### साढ़े सात लाख का कबाड़ जब्त

प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए 5.50 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है, जिसकी कीमत 7 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त कबाड़ में पुराने इस्तेमाली वाहन ट्रक, कार, चारपहिया, दोपहिया के अलावा लोहा, स्क्रैप, रॉड, पाइप सहित अन्य कबाड़ है।

#### ये यार्ड हुए सीलबंद

रिंग रोड नंबर 2 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक आसिफ, रिंग रोड नंबर 2 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक रफीक, मेटल पार्क उरला रायपुर यार्ड संचालक शहबान, मेटल पार्क रोड रावांभाठा स्थित यार्ड संचालक बिलाल, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक शहीद खान, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक उस्मान एवं मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक नईम खान।

# गांव में फैला डायरिया, सात दिन में पैंतीस बीमार, स्वास्थ्य अमला सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तिल्दा ब्लाक के ग्राम मोहंदी में दूषित जल का उपयोग करने से डायरिया फैल गया। लगातार उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद स्वास्थ्य अमला सक्रिय हुआ। बीते सात दिन में वहां करीब पैंतीस लोग बीमार हुए और बच्चों तथा महिलाओं को स्वास्थअय केंद्र में भर्ती कराना पड़ा। शनिवार को सीएमएचओ ने क्षेत्र का दौर कर राहत कार्यों का मुआयना किया

■ पीएचसी बंगोली में बच्चे, महिलाएं भर्ती, सीएमएचओ खुद पहुंचे

जानकारी के अनुसार गांव में उपयोग के लिए जिस जलस्त्रोत का उपयोग किया जाता है, उसमें किसी तरफ की समस्या आ गई थी। इसकी वजह से लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी थी। धीरे-धीरे समस्या बढ़ती गई और लोगों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करना पड़ गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने वहां शिविर लगाकर लोगों की जांच की, तो करीब पैंतीस लोगों को इसका शिकार पाया। गांव में रहने वालो को दवा का वितरण कर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए। बीमार होने वालों में काफी संख्या महिलाओं और बच्चों की थी, जिसकी जानकारी होने के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को प्रभावित गांव का दौरा किया।



#### स्थिति नियंत्रण में

पिछले कुछ दिनों से गांव में उल्टी-दस्त जैसी शिकायत मिल रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां शिविर लगाकर जांच के बाद प्रभावितों का इलाज किया है। स्थिति अब नियंत्रण में हैं।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

# प्रियदर्शिनी नगर, पचपेड़ी नाका, आमापारा की सड़कें खस्ताहाल, जगह-जगह गड्ढे, नुकीली गिट्टी खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कीचड़, बजरी और जगह-जगह गड्ढों में शहर के रिहायशी इलाके की सड़कें तब्दील होने से लोगों को सुगम आवागमन में परेशानी हो रही है। शनिवार को बारिश के बाद प्रियदर्शिनी नगर, पचपेड़ीनाका, भाठागांव, रायपुरा, आमापारा मुख्य मार्ग की सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरने से लोग परेशान रहे। यही हाल बूढ़ागार्डन के ठीक सामने वाली सड़क का रहा, जहां केबल डालने के नाम पर खोदी गई सड़क को आधा-अधूरा पाटने से वहां गड्ढा बन गया है। रात के समय इस मार्ग पर आने-जाने वालों को इस मार्ग पर गुजरते समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। नगर निगम ने शहर के 15 वार्डों की सड़कों पर 24 घंटे जल आपूर्ति, अंडर ग्राउंड केबल और बिजली के तारों को भूमिगत करने अनुबंधित एजेंसी से सड़क की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने का काम कराया। इनमें से एक भी वार्ड में लोगों को 24 घंटे पानी तो मिला नहीं, पर खोदी गई सड़क को पाटने में कोताही बरतने से लोगों को बारिश के सीजन में परेशानी जरूर होने लगी है। आमापारा, ब्राम्हणपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, पचपेड़ीनाका, रायपुरा सहित अन्य रिहाइशी इलाकों में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया, पर रेस्टारेशन का काम गुणवत्ता युक्त नहीं होने से सड़कें खराब हो गईं। सड़क पर चढ़ाई गई डामर की परत अभी से उखड़ने लगी है। यही नहीं, जर्जर सड़क में गड्ढे उभरने से वहां कीचड़ युक्त गंदा पानी भरने लगा है। इससे दोपहिया, तिपहिया चालक और राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।



## 13 गायों को शहर से बाहर कराया शिफ्ट

**रायपुर।** आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी को शहर से बाहर शिफ्ट करने निगम अमला अब अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जोन 9 की टीम ने खम्हारडीह के तक्ष कुमार पटेल की डेयरी पर कार्रवाई की। डेयरी की 13 गायों को काउकेचर वाहन की मदद से निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कराया। रहवासी इलाके में डेयरी संचालन से प्रदूषण और गंदगी की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की टीम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह आवासीय क्षेत्र में अभियान चलाकर डेयरी पर कार्रवाई की। डेयरी की 13 गायों को काउकेचर वाहन से आवासीय सीमा क्षेत्र से बाहर के क्षेत्र में शिफ्ट किया गया।

### रात साढ़े आठ बजे तक तीन सेमी. बारिश

# घंटेभर गरज-चमक के साथ जमकर बरसे बादल, आज भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उमसभरी बेचैनी से एक बार फिर राहत मिल गई है। शनिवार को दोपहर घंटेभर तक शहर में जमकर बारिश हुई। इस दौरान बिजली चमकी और बादल जमकर गरजे भी। रात साढ़े आठ बजे तक शहर में तीन सेमी. तक बारिश हुई है। रविवार को भी शहर में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

मानसून द्रोणिका के फिर से प्रभावी होने की वजह से शनिवार को दिनभर रायपुर समेत अधिकांश प्रमुख शहरों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहा। शहर में सुबह के वक्त उमस भरी बेचैनी थी, मगर दोपहर होते-होते काले बादल छा गए और बरसने लगे। बारिश काफी तेज रही। काफी देर होने की वजह से शहर के कई मार्गों पर पानी भर गया। इसके बाद शाम को भी हल्की बारिश का दौर चला।



मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार रात्रि साढ़े आठ बजे तक रायपुर में लगभग तीन सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा दिनभर में माना में करीब दो सेमी. बिलासपुर में डेढ़ सेमी. वर्षा हुई। रात होने के बाद रायगढ़ इलाके में भी झमाझम बारिश होती रही। अगले चौबीस घंटे में बारिश का प्रभाव बस्तर के साथ प्रदेश के मध्य इलाके में होने की संभावना अधिक है। माना जा रहा है कि राज्य में वर्षा की गतिविधि अब नियमित रूप से रहेगी।

#### 15 साल पहले 275 मिमी. बारिश

रायपुर में पंद्रह साल पहले यानी 14 जुलाई 2009 को चौबीस घंटे में सर्वाधिक 275 मिमी यानी 27 सेमी. से ज्यादा बारिश हुई थी। इसकी वजह से शहर में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। इसके बाद 31 जुलाई 2013 में 135 मिमी., 22 जुलाई 2014 में 162 मिमी. तक बारिश हुई थी।

# शांति निकेतन कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ




**रायपुर।** चंगोराभाठा बाजार चौक पानी टंकी के पास स्थित शांति निकेतन कॉलेज में विभिन्न तकनीकी विषय विज्ञान, कंप्यूटर, वाणिज्य के अलावा पीजीडीसीए, डीसीए और एमएससी कोर्स के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। शांति निकेतन कॉलेज के प्रमुख मुकेश गुप्ता के अनुसार कॉलेज में संचालित सभी विषय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। कॉलेज में स्पोकन इंग्लिश क्लासेस, पालकों के लिए मासिक रिपोर्ट, शैक्षणिक टूर, सेमीनार, लाइब्रेरी व छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाती है।

# भास्करा पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच लोकप्रिय



**रायपुर।** चंगोराभाठा, करण नगर स्थित भास्करा पब्लिक स्कूल (बीपीएस) एक उभरता हुआ विद्यालय है। 2022-23 से शुरू बीपीएस, शिक्षण पद्धतियों के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच लोकप्रिय है। बीपीएस में डिजिटल बोर्ड से ऑडियो-विजुअल कक्षाएं, एक्टिविटी बेस्ड टीचिंग, स्किल डेवलपमेंट, नृत्य-संगीत, भाषण, रचनात्मक लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर कार्य किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## नेशनल लोक अदालत में पौने दो लाख मामलों का निपटारा

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पौने दो लाख लोगों को त्वरित न्याय मिला।

## रोहित शर्मा और अल्लू अर्जुन को भेजा कानूनी नोटिस

**रायपुर।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने चैतन्य टेक्नो स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और दक्षिण भारत फ़िल्म सितारे अल्लू अर्जुन को क़ानूनी नोटिस भेजा है। क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा, फिल्म सितारे अल्लू अर्जुन इस स्कूल के विज्ञापन में दिखाई देते हैं। राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के कई स्कूल खुल गये हैं, जो अपने को सीबीएसई माध्यम के स्कूल होना प्रचारित करते हैं, जबकि सीबीएसई की मान्यता नहीं है। श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के राजधानी रायपुर की दो स्कूल को कुछ दिनों पहले सीजी बोर्ड के अंग्रेज़ी माध्यम की मान्यता मिली है।

## 5 बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

**रायपुर।** कवर्धा जिले में डायरिया से बैगा आदिवासियों की मौत के मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच कमेटी गठित की है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में 7 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जनक ध्रुव, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी राम, नेता महेश चंद्रवंशी, नीलकंठ चंद्रवंशी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सोनवाही और बोड़ला में डायरिया से 5 बैगाओं की मौत हुई है।

## हर संडे चल रहा मच्छर रोकने महाअभियान

**भिलाई।** जुलाई महीने में मच्छरों के प्रजनन की संख्या बढ़ जाती है। इसको रोकने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा महा अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक रविवार को दिन में 10 बजे से 11 बजे तक सभी लोग सफाई करेंगे। निगम भिलाई क्षेत्र के विधायक, महापौर, पार्षद, जनप्रतिनिधि, व्यापारी खिलाड़ी सभी अधिकारी कर्मचारी छात्र सभी नागरिक अपने घर की सफाई करेंगे। अपने घरों के कुलर, गमला, पानी का नाद, डब्बा, फ्रिज के नीचे ट्रे। पानी जहां भरता है, आदि जगह का सफाई करके ड्राई डे मनाएंगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी अपील की है कि सफाई का काम करते हुए फोटो सेल्फी ले निगम के फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम में पोस्ट करें। अपने शहर को डेंगू मलेरिया से बचाना है नंबर वन बनाना है।

# विद्यार्थियों व पालकों को बताया, आग लगने पर किस तरह करें बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा बीएसपी अग्निशमन विभाग ने आगजनी को लेकर दल्लीराजहरा निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों और पालकों के अलावा शिक्षकों के बीच आगजनी को लेकर मॉक ड्रिल करके दिखाया और बताया कि आगजनी अग्नि के दौरान किस तरह बचाव किया जा सकता है। राजहरा अग्निशमन विभाग ने शहर के निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं को फायर सेफ्टी की विधि बताई। विभागीय अधिकारियों और कर्मियों ने स्कूल प्रांगण में मॉक ड्रिल कर विद्यार्थियों को आग से बचाव का अभ्यास कराया। निर्मला स्कूल प्रबंधन के आग्रह पर बीएसपी प्रबंधन द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में अग्नि शमन राजहरा के मुख्याधिकारी समित अदक ने छात्रों को बताया कि किसी भी तरह की आग को तीन तरीकों में से एक का उपयोग करके बुझाया जाता है। ठंडा करना, भूखा रखना या दम घोंटना। अग्नि त्रिकोण किसी भी आग के स्रोत और प्रगति को समझने के लिए एक बुनियादी मॉडल है।

छात्रों ने अग्निशमन कर्मियों से आग पर काबू पाने और आग लगने से बचाव के बारे में जानकारी ली। इस दौरान छात्रों ने अग्निशामक यंत्रों के उपयोग के तरीके को प्रक्टिकल कर जाना और आग लगने पर सुरक्षा के लिए किये जाने वाले उपाय के बारे में सीखा।

### बीएसपी अग्निशमन विभाग ने स्कूल में किया मॉकड्रिल



### आग लगने के संभावित कारण व बचाव की दी जानकारी

मॉक ड्रिल कार्यक्रम के तहत फायरमैन जे कुरैशी एवं गजोधर सिंह ने अग्निशामक यंत्रों के उपयोग के तरीके, आग लगने के संभावित कारणों और इससे बचने के बारे में भी जानकारी दी गई। स्कूल की प्रचार्या ने बताया कि निर्मला स्कूल सीबीएसई द्वारा जारी फायर संबंधित सभी दिशा निर्देशों का पालन करता है, छात्रों की इसकी पूरी जानकारी मिल सके इसलिए इस कार्यशाला का आयोजन बीएसपी प्रबंधन के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से बीएसपी से सहायक महाप्रबंधक रजत कुमार बैनर्जी, शेशु, प्राचार्या सि जोसिया मैरी, प्रबंधक सि सचिता फ्रांसिस, एवं शिक्षक उपस्थित थे।

**मौसम**

## अच्छी बारिश नहीं होने से बढ़ी किसानों की चिंता

# बिन बरसे लौट जा रहे बादल, पानी के लिए आसमान की ओर ताक रहे किसान

हरिभूमिन्यूज ▶▶| बालोद

काले मेघा काले मेघा पानी तो बरसाओ, बिजली की तलवार नहीं, बूंदों के बाण चलाओ यह गीत लगान फिल्म का है, जिसे आपने जरूर सुना होगा। फिल्म में बताया गया है कि जब गांव में पानी की भीषण समस्या होती है और खेती किसानी के लिए भी पानी की समस्या होती है तो फिल्म में यह गाना चलता है।

यही स्थिति वर्तमान में जिले में हो गई है। भले ही किसानी कार्य युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन खेतों में काम कर रहे किसानों की निगाहें सिर्फ आसमान की तरफ होती है और उनके भी जुबान पर यह गीत है कि काले मेघा पानी तो बरसाओ। आपको बता दें कि 15 जून को मानसून शुरू हुआ है और आज 15 जुलाई है, एक माह बीत जाने के बाद भी मानसून में अब तक अच्छी बारिश नहीं हुई है, जिसके कारण सबसे ज्यादा किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक जहां खेतों में फसल बोआई का कार्य लगभग पूर्ण हो जाना था, लेकिन मौसम की बेईमानी के चलते खेतों में फसल बोआई का कार्य आगे बढ़ने के बजाए थम चुका है। खेतों में पानी सूख गया है, कई खेतो में दरारें पड़नी शुरू हो गई हैं। किसानों द्वारा लगाए गए धान के फसल को अब घुमंतू गाय भी अपनी चपेट में ले रहे हैं, जानकारी के अनुसार जिले के गुण्डरदेही और डौंडी क्षेत्र में सबसे कम बौआई हुई है क्योंकि इन इलाकों में बारिश भी कम हुई है।



### बोर वाले खेतों में समस्या नहीं, लेकिन अधिकांश किसान परेशान

जिले में लगभग डेढ़ लाख से अधिक किसान खरीफ फसल की तैयारी कर रहे हैं, कई किसान बोआई कर चुके हैं, बोर होने के कारण उनके खेतों में पर्याप्त मात्र में पानी है हालांकि भूजल स्तर कम होने के कारण बोर में भी खराबी आने की समस्या सामने आ रही है, वहीं जिन किसानों के पास बोर की व्यवस्था नहीं है उन्हें चिंता सताने लगी है, बारिश नहीं हुई तो खेतों में बोए गए धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।



### अब तक 80 प्रतिशत बोआई, पिछले साल की तुलना में कम

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल बोनी कम हुई है। पिछले साल जिले में एक लाख 78 हजार हेक्टेयर में धान की बोआई किसानों ने की थी। जबकि इस साल मौसम की स्थिति के कारण किसानों ने मात्र एक लाख 42 हजार हेक्टेयर में फसल ली है। यानिकि 80 प्रतिशत फसल की बोआई हुई है। अगर मौसम मेहरबान हुआ और बारिश हुई तो आंकड़ा बढ़ जाएगा।

### बारिश के आसार, लेकिन उम्मीद पर फिर रहा पानी

बीते कुछ दिनों से बादल छाए रहने के साथ ही हवा चलने और गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी जरूर हो रही है, लेकिन जिस प्रकार से घने बादल छा रहे हैं उस हिसाब से अच्छी बारिश नहीं हो रही है। उनकी उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। घने बादल छाए रहने के बाद भी बारिश नहीं हो रही है।

## बृजमोहन ने दानी स्कूल के सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल के कार्यक्रम में कहा, समग्र रूप से छात्राओं की शिक्षा न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को सुधारती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसीलिए लड़कियों को शिक्षित करना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर दानी स्कूल में सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल परिसर में अपनी माता की स्मृति में एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया। श्री अग्रवाल ने कहा, जे आर दानी स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ में लड़कियों का सबसे उत्कृष्ट स्कूल है और आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको यहां पर पढ़ने का मौका मिल रहा है। यहां की पढ़ी हुई छात्राएं आज देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं। यह स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि छात्रों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए काम करता है, जिसके कारण यहां की छात्राएं खेलकूद, गीत-संगीत और दूसरे क्षेत्रों में भी अपना नाम रोशन करती आ रही हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने सालों पहले मंत्री पद पर रहते हुए यहां पर छात्रावास का निर्माण कराया था। जिसका फायदा आज हजारों छात्रों को हो रहा है। उन्होंने कहा, छात्राओं में शिक्षा का महत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है और समाज के संपूर्ण विकास के लिए अनिवार्य है।




## सड़क किनारे पहाड़ी से टकरा कर पलट गया ट्रक

**गुरूर।** धमतरी-कांकरे मुख्य मार्ग 30 पर स्थित मरकाटोला घाटी में गैस सिलेंडर से भरा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहाड़ी से टकरा कर पलट गया। इस सड़क दुर्घटना में ड्राइवर व क्लिनर दोनों सुरक्षित हैं।

बताया जा रहा है कि सिलेण्डर भरे हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित मरकाटोला घाट में गैस सिलेंडर से भरा तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एल एक्स 5547 अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया। ट्रक गैस सिलेंडर भरकर रायपुर से कोंडागांव जा रहा था। सड़क दुर्घटना में चालक और परिचालक दोनों सुरक्षित हैं, जिन्होंने हादसे के बाद गाड़ी के टूटे शीशे को पार कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद पुरुर पुलिस मौके में पहुंच कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

### प्लेटों के अधिक उत्पादन के लिए मापदंडों के सुधार पर दिया जोर

**भिलाई।** वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में 'समाधान' के अंतर्गत आयोजित पहली परफमेंर्स इम्प्रूवमेंट वर्कशाप भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में आयोजित की गई। पीआईडब्ल्यू का विषय 'बिना विलंब शुल्क के प्रतिदिन 4000 टन से अधिक प्लेटों का प्रेषण प्राप्त करना' था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में, मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आरके बिसारे उपस्थित थे।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष को चैंबर ने दिए औद्योगिक विकास के अहम सुझाव

**अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, औद्योगिक गलियारा, होलसेल कॉरिडोर और स्मार्ट टूरिज्म पर जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया को छत्तीसगढ़ के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास के लिए कई बिंदुओं पर अहम सुझाव दिये। इनमें औद्योगिक गलियारा, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, होलसेल कारीडोर, स्मार्ट टूरिज्म संबंधी सुझाव शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 16वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सुझाव को वित्त आयोग के अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया। चैंबर के सुझाव पर कई अहम बिंदुओं पर वित्त आयोग के अध्यक्ष ने हामी भरते हुए चैंबर के पदाधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली और इन सुझावों को बेहतर बताया। श्री पारवानी ने बताया कि वित्त आयोग के अध्यक्ष को होलसेल कारीडोर से आर्थिक गलियारा के महत्व पर हमने विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रदेश में सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए निवेदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में सर्विस सेक्टर अभी भी 10 से 12 फीसदी का योगदान दे रहा है। इसमें इजाफा होने से आर्थिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ सकती है। श्री पारवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने खनिज सम्पदा, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता तथा आर्थिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। प्रदेश में अनेक संभावनाएं हैं, जिन्हें सहायता प्रदान करने से प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा, साथ ही देश की आर्थिक प्रगति में वृद्धि होगी। 16वें वित्त आयोग की बैठक में व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए चैंबर ने इन बिंदुओं पर सुझाव दिये।




- छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा परियोजना में करें शामिल
- होलसेल कॉरिडोर
- स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट व कार्गो हब घोषित किया जाये
- स्मार्ट टूरिज्म का सुझाव

# बीएसपी ने अनफिट 61 क्वार्टरों से कब्जेदारों को बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी द्वारा क्वार्टरों में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बेदखली कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर सेवाए,एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट द्वारा कोतवाली थाना भिलाई नगर पुलिस बल के सहायता से अवैध कब्जेधारियों के विरुध बेदखली कार्यवाही जारी रखा। यहां 61आवास से अवैध कब्जेधारी निकाले गए।

■ अब तक 385 क्वार्टरों से अवैध कब्जेदार बेदखल किए

### अब तक 385 कब्जे खाली करवा चुके

बीएसपी की टीम ने अब तक 385 आवास खाली करवाया है। जिसमें 176 डिक्री आवास भी शामिल है। संपदा न्यायालय के आदेश पर शनिवार को छटवे दिन भी कोतवाली थाना भिलाई नगर पुलिस बल के सहायता से अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। सेक्टर 6 एरिया के अनफिट ब्लॉक्स में यह कार्रवाई चली। विद्युत विच्छेद कर दरवाजे खिड़की निकाला गया, टॉयलेट को तोड़ दिया गया तथा सिविल विभाग द्वारा पार्शियल डिमोलिशन कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

**वर्ष 1976 को स्थापित किया गया था यह स्मारक**

# 25 मिलियन टन स्मारक का हुआ सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात नगरी भिलाई के बीएसपी टाउनशिप में एक और चौक का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जहां भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 25 मिलियन टन स्टील के संचयी उत्पादन को चिह्नित करने के लिए स्मरणीय प्रतीक के रूप में एक स्मारक स्थापित है। यह उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण, शहर की स्वछता, सुंदरता, सड़क सुरक्षा और सड़क यातायात के बेहतर आवागमन को ध्यान में रखते हुए, बीएसपी के नगर सेवा विभाग द्वारा टाउनशिप के चौकों के सौंदर्यीकरण अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। सेंट्रल एवेन्यू के एक चौक में स्टील से बने (25 मिलियन टन) की स्थित आकृति के स्मारक को 7 दिसंबर 1976 को स्थापित किया गया था। इसे बीएसपी द्वारा प्राप्त 25 मिलियन टन के संचयी उत्पादन की उपलब्धि को भिलाई में आयोजित बड़े पैमाने पर आयोजित समारोह के हिस्से के रूप में सेन्ट्रल एवेन्यू पर 2, 4, 5 एवं 6 सेक्टर के बीच प्रतीक चिन्ह के रूप में स्थापित किया गया था।



टाउनशिप के अन्य चौराहों की तरह इस 25 मिलियन टन के चौराहे के सौंदर्यीकरण का काम संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने गंभीरता से शुरू कर दिया है। स्मारक पर आकर्षक रंग–रोगन के अतिरिक्त, घेरे के अंदर नए सिरे से कालीन घास बिछाई गई है। अन्य चौराहों की तरह, इसमें लगे लोहे की ग्रिल को हटाकर उसकी जगह तीन–स्तरीय कांक्रीट की बाउंड्री बना दी गई है, जिसका रंगरोगन किया गया है।

7 दिसंबर 1976 को स्टील नगरी भिलाई में उत्सव का माहौल था। सम्पूर्ण इस्पात बिरादरी, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 25 मिलियन टन स्टील के संचयी उत्पादन का उत्सव मना रहा था। भिलाई स्टेडियम को उत्सव का स्थल के रूप में सजाया गया था। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, 25 मिलियन टन स्टील के संचयी उत्पादन को चिह्नित करने के लिए, इस स्मारक का अनावरण 7 दिसंबर 1976 को तत्कालीन इस्पात और खान मंत्री चंद्रजीत यादव द्वारा किया गया था।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बीईओ कार्यालय के बाहर कचरे का ढेर

**बालोद।** शहर के सरदार पटेल मैदान से लगे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर हमेशा कचरे का ढेर आप आसानी से देख सकते हैं। बीएमओ कार्यालय के बाहर कई कॉपी किताब व फाइलें सहित पॉलीथिन का भी ढेर कार्यालय के ठीक सामने ही रहता है। इस कार्यालय में कई पढ़े लिखे जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी देने पहुंचते हैं, जो इसी कचरे के ढेर को पार करके ही अपने कक्ष तक पहुंचते हैं। लेकिन, कार्यालय के सामने कई दिनों से पड़े इस कचरे को साफ कराने कोई सुध नहीं ले रहा है। यही वजह है कि घुमंतू गाय इसी कचरे के ढेर से कागज और पॉलीथिन को अपना आहार बना रहे हैं।

### दो ट्रकों में भिड़ंत, एक चालक घायल



**बालोद।** धमतरी-कांकरे मुख्य मार्ग 30 पर स्थित ग्राम जगतरा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों ट्रकों के परखचे उड़ गए और एक ट्रक चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जगतरा के पास खाली ट्रक और समान से भरे ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क दुर्घटना में एक ड्राइवर को चोट आयी है, जिसे एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। वहीं, सड़क दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा, तब मौके पर पहुंची पुरुर पुलिस ने यातायात बहाल कराया।

### जरूरतमंद बच्चों के लिए दान की शिक्षण सामग्री

**दल्लीराजहरा।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा रविवार को निषाद समाज भवन दल्लीराजहरा में मिशन एजुकेशन के तहत डोनेशन बॉक्स लगाया गया। इसके तहत निषाद समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिक्षण सामग्री कॉपी पेन पेंसिल रबर दान किया। यह अभियान पिछले 8 वर्षों से लगातार पूरे भारतवर्ष में चल रहा है। इसका उद्देश्य सक्षम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से दान लेकर सुदूर गांव अंचल में बसे जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षण सामग्री पहुंचाना है ताकि वे लोग भी पढ़ लिखकर समाज और देश की सेवा कर सके। इस अभियान के बारे में समिति के सदस्य कोमल पटेल ने विस्तार से जानकारी दिया। निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम पारकर एवं देवंतीन पारकर ने इस अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में निषाद समाज की महिला अध्यक्ष कल्याणी निषाद कोषाध्यक्ष ढाल सिंह निषाद जोहन निषाद भागवत निषाद रेखा पारकर दीपक देव प्रसाद एवं धर्मेंद्र निषाद उपस्थित थे। समिति की ओर से शाखा प्रधान सुखुराम कोसमा पीएल महेंद्र नेतराम भारद्वाज हितेश भारद्वाज संतोष रावटे यमुना रावटे कुंती पटेल ने भाग लिया। समाज के पदाधिकारियों को संस्था का साहित्य भेंट किया गया।

### निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 5 अगस्त तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2024–25 की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की तैयारी की जा रही है। यह प्रशिक्षण नई दिल्ली में कराने के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र ट्राईबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन में मंगाया गया है। इसके तहत चयनित अभ्यर्थी के रहने, खाने का समस्त खर्च शासन द्वारा उठाया जाएगा। राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 185 सीट के लिए ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र 15 जुलाई से 5 अगस्त तक कर सकते हैं।

**आयोजन : महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया आयोजन**

# ग्राम कोटनी में लगाए गए पौधे, सुरक्षा का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम कोटनी में माँ के नाम एक पेड़, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और जल शक्ति से नारी शक्ति थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी एक फलदार पौधा लगाया और सभी से अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने की अपील की, ताकि इस धरती माता को हरा भरा बनाया जा सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की कृषि सभापति योगिता चंद्राकर ने जल शक्ति से नारी शक्ति के महत्व को बताते हुए भूजल स्तर ऊपर लाने में पेड़-पौधों के योगदान की ओर ध्यान दिलाया। वहीं, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर बेटियों की शिक्षा की ओर ध्यान दिलाया गया। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राधा निर्मलकर द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते आवश्यक सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर,





गिरेश साहू अंजोरा मंडल अध्यक्ष, ओमेश्वर साहू, पुराण देशमुख सरपंच, मनोज साहू, पूर्व सरपंच दिव्या साहू, उपसरपंच मनोज साहू, पंच धनीराम साहू, दिलीप साहू परियोजना अधिकारी उषा झा ने तीनों थीम पर पौधारोपण किया और जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

### पांच महिलाओं की गोदभराई

कार्यक्रम के दौरान पाँच महिलाओं मिनाक्षी यादव, गायत्री विश्वकर्मा, योगेशवरी साहू, सोनाली निषाद और सोहद्रा यादव की की गोदभराई की गई। इसके साथ ही 2 बच्चों योगराज यादव और जासमिन निषाद का अन्नप्राशन कराया गया, वहीं डेलाक्षि साहू को पोषण टोकरी प्रदान की गई।

### पौष्टिक खानपान की दी गई सलाह

पर्यवेक्षक शशि रैदास ने गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को पौष्टिक खानपान व बच्चों को सुपोषित रखने की सलाह दी गई। परियोजना अधिकारी उषा झा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक, ममता साहू, गीतांजलि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति ठाकुर, रत्नी ठाकुर सहायिका ममता निषाद सोनाली निषाद रोजगार सहायक हेमलता निषाद व सेक्टर रसमड़ा, नगपुरा की समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण के लिए पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करना आवश्यक

**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी एवं संकुल केंद्र कनेरी में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान चलाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी सिन्हा थीं। उन्होंने आने वाली पीढ़ी एवं भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सभी को पौधे लगाकर उसे सुरक्षित पेड़ बनाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष एसएमसी जयंती सिन्हा ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने तथा अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़–पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। संकुल समन्वयक कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि हमें जीवन देने वाली मां और प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए धरती को हरा–भरा बनाने का संकल्प पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इकोक्लब प्रभारी हेमलता साहू ने पेड़-पौधों का महत्व बताने के साथ ही कहा कि पेड़–पौधे हमारे पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं, हमें पेड़–पौधे नहीं काटने चाहिए।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई कर्मचारी का किया गया सम्मान :** इको क्लब अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी युगल किशोर सिन्हा एवं विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों का शाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। संस्था प्रमुख नंदकुमार निषाद ने



पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी बच्चों को प्रेरित किया और पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के लिए सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन गिरधर सिन्हा, हेमंत साहू, रामेश्वर दास मानिकपुरी, ज्योति साहू, सीता निर्मलकर, लक्ष्मी साहू, महिला सहायता समूह से रामेश्वरी मानिकपुरी उर्वशी नेताम, शिक्षक चलेश कुमार साहू, भागवत प्रसाद ठाकुर, नारायणी पटेल बाल संसद एवं शाला के सभी बच्चों का योगदान रहा एवं संचालन देवेन्द्र कुमार साहू एवं इंद्राणी साहू ने किया।

## प्राथमिक शाला डौंडीलोहारा में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**डौंडीलोहारा।** जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शासकीय प्राथमिक शाला डौंडीलोहारा में उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग थे, अध्यक्षता कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल ने की।

विशेष अतिथि पवन साहू जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद, लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा, मिथिलेश नूरेटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद थे। कार्यक्रम के दौरान लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा द्वारा इंग्लिश मीडियम शासकीय प्राथमिक शाला डौंडीलोहारा में कक्षा 9वी,10वी, 11वीं एवं 12वी की सीबीएससी क्लास खोलने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में सांसद भोजराज नाग, कलेक्टर चंद्रावल एवं पवन साहू को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही छात्रहित को ध्यान में रखते हुए स्कूल परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की। इस पर सांसद, कलेक्टर और जिला अध्यक्ष ने सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कही।

साथ ही साथ जिले के कलेक्टर चंद्रावल से वार्ड नंबर 12 में कब्जा करके रह रहे नगरवासियों को पट्टा प्रदान कर मालिकाना हक देकर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिए जाने की मांग की। लोकेश्वरी साहू ने समस्त अतिथियों को जिला प्रशासन का शिक्षा विभाग का सम्मान प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कलंगपुर में किया गया पौधारोपण




**बालोद/कलंगपुर।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर फलदार पौधे आम, अमरूद, नींबू, जामुन, अनार, मुनगा, पपीता, रामफल, सीताफल, छायादार पौधे बरगद, नीम, करंज, अशोक, कदम, औषधियुक्त पौधे नीम, तुलसी, पुदीना, पत्थरचट्टा, भुईनीम, फूलदार पौधे कनेर, गेंदा, गुलाब, गुड़हल, जीनिया, मोगरा, दशमत के कुल 253 पौधे विद्यार्थियों ने विद्यालय को भेंट किए। बच्चों ने प्रकृति के प्रति स्नेह और महत्व को समझा और पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस, इको क्लब, स्काउट, विज्ञान क्लब, नशा मुक्ति इकाई एवं क्रीड़ा इकाई का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य टीएस कोल्हे के मार्गदर्शन में एवं विद्यालय के व्याख्याता एवं शिक्षक डीएल साहू, टीसी मंडावी, डीके साहू, एम टंडन, वाईके साहू, आरएन साहू, यूके साहू, आरके साहू, टीआर साहू, एस सिंघारे, एम ध्रुव, के माहेश्वरी, लता बंदे, केएल कुर्रे तथा सकुन साहू, सोहद्रा ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय विद्यालय दर्रा में किया गया पौधारोपण



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाते हुए पौधारोपण किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया तथा संरक्षित रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने घर, बाड़ी, खेत, खलिहान जहां भी खाली जगह है उसमें एक पौधा अवश्य लगाएं और उनकी सुरक्षा भी करें। इस अवसर पर बीएस साहू, आरएस ठाकुर, एसपी जोशी, डीके साहू, एमआर साहू व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ग्राम बटरेल में किया गया पौधारोपण



**जामगांव आर।** एक पेड़ माँ के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनव्यापी आव्हान को मूर्त रूप देते हुए जामगांव आर भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने ग्राम बटरेल में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान की अपील की। इस पावन कार्य में महिलाओं ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा अध्यक्ष दक्षिण पाटन कमलेश साहू के साथ नीरा बाई, बैसाखिन बाई, मनीश यादव, अशोक यादव, बेनी राम साहू, नीलू साहू, शेष कुमार, गोविंद साहू, पवन यादव, जीवराखन साहू, ईश्वर यादव ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## बगईकोन्हा टी में चला एक पेड़ मां के नाम अभियान



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम बगईकोन्हा टी की शासकीय प्राथमिक शाला में शनिवार 13 जुलाई को पौधे लगाए गए। इसके साथ ही पौधा वितरण भी किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का विशेष योगदान रहा। एक पेड़ मां के नाम थीम पर शाला परिसर व मंदिर प्रांगण, मैदान परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही साथ पौधारोपण करने के बाद उसे 3 साल तक देखभाल करने का संकल्प लिया गया। वरिष्ठ नागरिक चुनुराम गोटा तथा प्रधान पाठक महेश कुमार जगनायक ने वृक्षों का महत्व बताया। कार्यक्रम में भारत लाल नेताम,राजेश्वरी बाई ,फगनी कोमरे, सीमा कुंजाम, सरस्वती बाई धुर्वा, कुमार सिंह कुंजाम,पद्मा तोपा, ममता नेताम, अनुसूईया जूर्री, ग्रामीण तथा शाला के सभी बच्चे शामिल हुए।

## धमना के पूर्व सरपंच अंकालू ने माता-पिता के नाम लगाए पौधे

**जामगांव आर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान ने गांवों में जोर पकड़ लिया है। इसके तहत गांव-गांव में पौधे रोपे जा रहे हैं। अभियान के तहत भाजपा नेता भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

अभियान के तहत धमना के पूर्व सरपंच अंकालू राम साहू ने अपने माता-पिता के नाम पौधे लगाए। पुत्र कीर्तन साहू ने पांच कदम,



दो गुलमोहर तथा एक पौधा अशोक का लगाया। इस अवसर पर गांव के कोमल साहू पूर्व उपसरपंच सतीश स्वर्णकार, प्रदीप निर्मलकर, राजेंद्र यादव, प्रेमानंद साहू, ढालसिंह साहू, प्रेम शंकर साहू, मुकेश साहू, भागीरथी साहू भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर भाजपा जामगांव आर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल सभी लोग आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण उपहार देने में समझदारी भरा दायित्व निर्वहन कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है। पूर्व सरपंच अंकालू साहू ने कहा कि प्रकृति

### टटेंगा में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने लगाए पौधे



**डौंडीलोहारा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ का संदेश देते हुए ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा जिला बालोद में प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में बच्चों ने पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। व्याख्याता हर्षा देवांगन ने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पौधारोपण किया गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने पौधे लगाने के साथ ही ईंट का घेरा बनाकर और नेम प्लेट लगाकर पौधे लगाने तथा पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में आरडी देवांगन, सी. वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, एच. एन्थोनी, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद साहू, महेश रावटे, सी सोनबोइर, अनुराधा, नेताम, बिंदु की विशेष सहभागिता रही।

### गांधी विद्या मंदिर में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने लगाए पौधे



**दल्लीराजहरा।** लौह नगरी दल्ली राजहरा स्थित गांधी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शाला में पौधे लगाए गए। बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम में शाला से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 1-1 फलदार और छायादार पौधे लगाए। प्राचार्या मंजू गुप्ता और कृषि संकाय शिक्षक प्रदीप बंसोड़े के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने शिक्षकों और छात्रों को प्रत्येक माह कम से कम 1 पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को प्रदीप बंसोड़े ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या मंजू गुप्ता, बीके सार्वा, ललिता मरकाम, प्रदीप बंसोडे, एलके धलेंद्र, दिनेश्वरी साहू, युवराज साहू, पूजा साहू, दिव्या, प्रीति, कुलेश्वरी साहू, प्रियंका शर्मा, शीतल साहू, खोमलाल, मधु मिश्रा भृत्य हेमलता, मोहिनी सेन एवं शाला सहयोगी स्टाफ के साथ विद्यार्थी उपस्थित थे।

**लोकतांत्रित पद्धति से कराए गए चुनाव में 37 वोटों से हासिल की जीत**

# शासकीय उमा विद्यालय चिखली के शाला नायक चुने गए प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में 13 जुलाई को छात्र संघ का चुनाव किया गया। चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ मतदान कर अपने पदाधिकारियों का चुनाव किया।

12 पदों पर चुनाव के लिए 11 तारीख को उम्मीदवारों ने नामांकन भरा, 12 को नाम वापसी व दोपहर 3 बजे सभी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। उसके बाद सभी उम्मीदवारों ने शाम 4 बजे तक प्रचार-प्रसार कर विद्यार्थियों से संपर्क कर





अपने लिए वोट मांगा। उसके बाद बनाए गए बुथ में बच्चों ने मत पेटी में अपने वोट डाले।

इस दौरान मतदाता विद्यार्थियों के बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही भी लगाई गई। उसके बाद मतगणना की गई। शाला नायक के पद पर प्रवीण कुमार ने 77 वोट लेकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 37 मतों से जीत हासिल की। उप शाला नायक रीतिमा, सचिव लक्की सोनवानी, सह सचिव खिलेन्द्र कुमार, क्रीड़ासचिव भास्कर कृषान, सह कीड़ा सचिव प्रफुल्ल, सांस्कृतिक सचिव सानिया तथा छात्रा प्रतिनिधि के पद पर भूमिका को जीत हासिल हुई। इसी तरह अन्य पदों के लिए भी विद्यार्थियों का चुनाव किया गया। मतगणना के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने परिणाम की घोषणा कर सभी निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को आज शपथ दिलाई जाएगी।

चुनाव की पूरी जिम्मेदारी संजय ठाकुर व के कुमार को सौंपी गई थी। उन्होंने पीठासीन अधिकारी रामेश्वर देवांगन, मतदान अधिकारी 1 मोहन ठाकुर, एम शर्मा, मतदान अधिकारी 2 दीप्ती कोसमार्य, रोजर हसीन तिर्की, जेआर साहू, ए आर मण्लोई, भागीरथी कुलदीप के सहयोग से चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई।

### सांप ने युवक को डसा, उपचार जारी

**बालोद।** जहरीले सांप ने 28 वर्षीय युवक के हाथ की उंगली को डस लिया। सांप के डसने से युवक की हालत खराब हो गई और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनौद निवासी दिलीप कुमार 28 वर्ष ग्राम मनौद के पास स्थित मुर्गी फॉर्म में काम करता है। उसे जहरीले सांप ने कब और कैसे डसा, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन, रविवार की शाम करीब 4 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया गया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐग्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है